भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 13 अगस्त, 2020

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय रक्षा मंत्री ने बीडीएल द्वारा तैयार देशीकृत उत्पादों का प्रमोचन किया

आज माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) द्वारा देशीकृत रूप से अभिकल्पित और विकसित कांकूर्स मिसाइल परीक्षण उपकरण और कांकूर्स लॉचर परीक्षण उपकरण का प्रमोचन किया। इससे पहले इन उत्पादों को रूस से निर्यात किया जा रहा था।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल **बिपिन रावत, सचिव (रक्षा), डॉ अजय कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन) श्री राज कुमार,** रक्षा मंत्रालय से वरिष्ठ अधिकारी गण के समक्ष में नयी दिल्ली से माननीय रक्षा मंत्री द्वारा इन दो देशी उत्पादों का प्रमोचन किया और **बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.)** निदेशक, मु.स.अधि. और वरिष्ठ अधिकारी गण हैदराबाद से उपस्थित रहे।

दि. 07 से 14 अगस्त, 2020 तक मनाये जा रहे 'आत्मनिर्भर भारत' के अवसर पर इन दो उत्पादों का प्रमोचन किया गया।

कांकूर्स – एम, टैंकरोधी मिसाइल के प्रयोग की जाँच करने के लिए कांकूर्स मिसाइल परीक्षण उपकरण (केएमटीई) का अभिकल्पन किया गया है।
कांकूर्स – एम, मिसाइल लॉचर्स के प्रयोग की जाँच करने के लिए कांकूर्स मिसाइल लॉचर्स परीक्षण उपकरण (केएलटीई) का अभिकल्पन किया गया है।

यह देशीकृत उपकरण भारत सरकार द्वारा शुरु की गयी इस 'आत्मनिर्भर भारत अभियान'को आगे बढ़ाएंगे तथा भविष्य में देश की विदेशी मुद्रा में बचत होगी.

माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में चीफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत, सचिव (रक्षा), डॉ अजय कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन), श्री राज कुमार, रक्षा मंत्रालय से वरिष्ठ अधिकारी और बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), निदेशक गण, मु.स.अधि. और बीडीएल के वरिष्ठ अधिकारी गण की उपस्थिति में बीडीएल के देशीकृत उत्पादों का प्रमोचन किया।

---XXX---